तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 पात्र हितग्राहियों के आशियाने शीघ्र पूरा करें- कलेक्टर





SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## जनजातीय संस्कृति व शिल्प को दर्शाते स्टॉलों का अवलोकन किया, विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

# जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

गुरुवार को देश की प्रथम नागरिक श्रीमती द्रौपदी मुर्मु सरगुजा पहुंची। इस दौरान राष्ट्रपति ने जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इसके साथ ही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय और अन्य केंद्रीय और कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। जनजातीय गौरव दिवस समारोह की शुरुआत व समापन राष्ट्रगान के साथ ही की। इस दौरान राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

**खास बात**

- सीएम व राज्यपाल ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लिंगो गोटूल मांदरी नाचा पार्टी कोंडागांव एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जय माता दी करमा नृत्य पार्टी कांसाबेल के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति को भगवान बिरसा मुंडा के साहस को प्रदर्शित और राज्यपाल ने भित्ती चित्रकला से जुड़े स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसके पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने जनजातीय गौरव दिवस पर पीजी कॉलेज मैदान परिसर में आयोजित ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मिट्टी, लकड़ी से बने आवास मॉडल का किया अवलोकन



कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों के पारंपरिक आवास का मॉडल बनाया गया था। राष्ट्रपति ने आवास मॉडल का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनजातियों द्वारा लोकपर्वों में मनोरंजन के लिए बजाए जाने वाले वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रपति ने इन वाद्ययंत्रों को देखा। राष्ट्रपति ने कार्यक्रम स्थल में आयोजित प्रदर्शनी में राज्य में निवासरत जनजातियों द्वारा शारीरिक विकार के उपचार हेतु प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने तीज-त्यौहारों, अन्य अवसरों में जनजातीय समुदायों द्वारा बनाए जाने वाले व्यंजनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### राष्ट्रपति को भेंट किया पैरी और गमछा



कार्यक्रम के दौरान न राज्य के पारंपरिक आभूषणों की प्रदर्शनी लगाई गई। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आभूषणों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलिंदर राम ने राष्ट्रपति को पैरी और गमछा भेंट किया, जिसे राष्ट्रपति ने आत्मीयता के साथ स्वीकार किया। कलिंदर राम ने राष्ट्रपति को बताया कि पारम्परिक आभूषण गिलट, तांबे, चांदी, सोना आदि धातु से निर्मित हैं जिसे विभिन्न लोकपर्वों के अवसर में धारण करते हैं।



### सामाजिक न्याय के प्रतीक थे भगवान बिरसा मुंडाः उईके

कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड या जनजाति समाज के नायक ही नहीं थे बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए स्वाभिमान, सम्मान, गौरव, गरिमा और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। भगवान बिरसा मुंडा जी ने अपने जीवन का हर क्षण जनहित और स्वतंत्रता के संघर्ष के लिए समर्पित किया। उन्होंने अपने समाज को संगठित किया, उन्हें आत्मसम्मान और स्वतंत्रता का पाठ पढ़ाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक सामाजिक सुधारक एवं आध्यात्मिक गुरु भी थे। उन्होंने समाज को नशा, अंधविश्वास और आपसी भेदभाव से मुक्त करने का आव्हान किया था। आजादी के अमृत काल में देश भर के जनजाति समाज के महानायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों को चिन्हित करके उन्हें इतिहास में उचित स्थान दिया जा रहा है। जनजाति समाज के महापुरुषों के जन्म स्थलों पर स्मारक बनाए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां को गौरव का अनुभव हो सके।

### राष्ट्रपति की उपस्थिति से बढ़ी गरिमा : नेताम

आदिम जाति विकास विभाग मंत्री राम विचार नेताम ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आज सरगुजा क्षेत्र और देश का समस्त जनजातीय समाज स्वयं को विशेष रूप से गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि राष्ट्रपति महोदया ने अपने आगमन से जनजातीय समाज तथा प्रदेशवासियों के सम्मान में वृद्धि की है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर पूरे देश और प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। उसी परिप्रेक्ष्य में आज का यह भव्य आयोजन संपन्न हो रहा है, जिसकी गरिमा राष्ट्रपति की उपस्थिति से कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों और प्रेरणा से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से जनजातीय गौरव दिवस की परंपरा प्रारंभ हुई और आज उनकी 151वीं जयंती पर देशभर के जनजातीय समाज का पुनः एकत्रित होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास को स्मरण करना, उसे सुरक्षित रखना और भविष्य की दिशा को प्रेरित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। श्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातीय वर्ग के लिए आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु अभूतपूर्व योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### एन्यूमेरेशन फॉर्म केवल बीएलओ या आयोग की वेबसाइट पर ही भरें

**बलरामपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि निर्वाचन संबंधी एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने या जमा करने के लिए किसी भी बाहरी व्यक्ति को ओटीपी, आधार संख्या, मोबाइल नंबर अथवा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित एवं पारदर्शी है तथा इसके लिए केवल दो ही वैध माध्यम निर्धारित हैं अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन पर ही फॉर्म भरें और जमा करें। प्रशासन ने कहा कि नागरिक सतर्क रहें और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा निजी जानकारी मांगने पर तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जिला प्रशासन ने बताया एन्यूमेरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया में किसी को भी ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

### धान बिक्री के लिए नवीन पंजीयन और रकबा संशोधन 25 तक

**बलरामपुर।** खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 19 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है। किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करवा सकेंगे। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने समस्त तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान/वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया गया है।

## जनजातीय समाज प्रमुखों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से मिली राष्ट्रपति



- पूछा कुशलक्षेम, साथ में खिंचवाई

**अंबिकापुर।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय समाज के प्रमुखों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने जनजातीय समाज प्रमुखों, पीवीटीजी समुदाय के समाज प्रमुखों, जनजातीय समाज के उत्थान में विशेष योगदान देने वालों, जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों के परिजन से भेंट की और सभी के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल रमेन डेका और सीएम विष्णुदेव साय मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले जनजातीय जननायकों एवं सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया। राष्ट्रपति ने सोनाखान क्रांति के जननायक शहीद वीर नारायण सिंह एवं शहीद वीर नारायण सिंह के सेनापति, परलकोट क्रांति के जननायक शहीद गेंदसिंह, झण्डा सत्याग्रह के जननायक सुकदेव पातर, भूमकाल क्रांति के जननायक बन्टु धुरवा, जंगल सत्याग्रह के जननायक शहीद रामधीन गोड़, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजनाथ भगत एवं माझी राम गोंड़ के परिजन से भेंट की। वहीं राष्ट्रपति ने बिरहोर जनजाति के राजेश बिरहोर, अबुझमाड़िया जनजाति के रामजी ध्रुव, बैगा जनजाति के एतवारी राम मछिया एवं पहाड़ी कोरवा जनजाति के जोगीराम से सौजन्य भेंट की और हाल-चाल पूछा। राष्ट्रपति ने इसी तरह उरांव जनजाति के मंगल उरांव, नगेशिया जनजाति के धनराम नागेश, खैरवार जनजाति के वीर सिंह खैरवार, कंवर जनजाति के संजय सिंह, नागवंशी जनजाति के लक्कू राम नागवंशी, मुरिया जनजाति के धनीराम शोरी, गोंड़ जनजाति के मोहन सिंह, पंण्डो जनजाति के विनोद कुमार पंण्डो एवं चेरवा जनजाति के डीएन चेरवा से भी भेंट की।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।




## बसंत पंडो से कहा-आप भी मेरे पुत्र की तरह

**अम्बिकापुर।** सरगुजा आगमन के दौरान देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पंडो जनजाति के बसंत पंडो से मुलाकात की। इस दौरान बसंत पंडो से उनका कुशल क्षेम पूछा और उन्हें शॉल भेंट की। बसन्त पण्डो ने राष्ट्रपति को बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद जब वर्ष 1952 में अंबिकापुर आए थे तब वे सिर्फ 8 वर्ष के थे। राष्ट्रपति ने बसन्त पण्डो को गोद लिया और उनका नामकरण किया था। बसंत पण्डो को गोद लेने के बाद से ही पण्डो जनजाति को राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने का दर्जा प्राप्त हुआ। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बसन्त पण्डो को कहा कि आप मेरे भी पुत्र की तरह हैं।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्गः - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की वर्चुअल बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कार्यालय में ऑनलाइन माध्यम से समय-सीमा बैठक कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री पोर्टल, जन शिकायतों और सरगुजा प्राधिकरण के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि नवंबर माह में सभी लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

## सलका में सरसों बीज का वितरण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर गुरूवार को उप संचालक कृषि कोरिया राजेश भारती द्वारा ग्राम पंचायत सलका में किसानों को सरसों बीज का वितरण किया गया। इस अवसर क्षेत्र के कई किसानों ने कृषि विभाग के योजना का लाभ उठाया। जानकारी के अनुसार ग्राम सलका में कृषि विभाग के एडिबल ऑयल योजनांतर्गत किसानों को सरसों बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जगमनी टोप्पो, सरपंच श्रीमती दुर्गा सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती वंदना सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टीएस परस्ते सहित काफी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाए।

## 3 हजार से अधिक परिवारों ने किया गृहप्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर कोरिया जिले के हजारों परिवारों का वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कुल 3,367 हितग्राही परिवारों ने अपने नए पक्के मकानों में एक साथ गृहप्रवेश कर खुशियों से भरे जीवन की शुरूआत की थी। 1 नवंबर को नवा रायपुर (अटल नगर) में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरिया जिले सहित राज्यभर के लाभार्थी परिवारों का वर्चुअल गृहप्रवेश कराया। जिले के सभी आवासों का एक साथ गृहप्रवेश समारोह बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ था। इस अवसर पर कोरिया जिले में बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 2,432 तथा सोनहत जनपद के 935 परिवारों ने पूजा-पाठ कर विधि-विधान से अपने नए मकानों में प्रवेश किया।

## प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान

**मनेन्द्रगढ़।** एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ ने एक बार फिर





अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण देते हुए जिले में गौरव बढ़ाया है। कालेज परिसर में बीएससी नर्सिंग 6 टीएच सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज की छात्राओं को शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर इतिहास रचने पर भव्य आयोजन कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि ने न केवल संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि यह साबित कर दिया कि यहां की शिक्षा व्यवस्था, अनुशासन और मेहनत का स्तर लगातार ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। घोषित परिणाम में छात्राओं ने जहां अपने कड़ी मेहनत का परचम लहराया, वहीं कॉलेज के शिक्षकों और प्रबंधन की उत्कृष्ट मार्गदर्शन क्षमता भी स्पष्ट रूप से झलकी। प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची में कुमारी भूमिका चौधरी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भूमिका ने डिस्टिंक्शन के साथ सफलता प्राप्त कर कॉलेज के साथ-साथ अपने परिवार का भी गर्व बढ़ाया है। द्वितीय स्थान पर अंजलि कुर्रे रहीं, जिन्होंने 73.46 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अंजलि की मेहनत और सतत अध्ययन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। वहीं उषा ठाकुर ने 73 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसने निरंतरता और अनुशासन से मिली सफलता का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। चौथे स्थान पर अमरीना भगत रहीं वे 71.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं आकांक्षा बंजारे ने 71 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अंत में डॉ. ओझा ने सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### जनचौपाल लगाकर सीईओ ने पीएम आवास हितग्राहियों से किया संवाद

# पात्र हितग्राहियों के आशियाने शीघ्र पूरा करें- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप वंचित वर्ग के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुविधायुक्त पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए कोरिया जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जनहितकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की प्रक्रिया लगातार जारी है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से जनचौपालों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर गत दिवस जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर निमार्णाधीन आवासों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों से सीधा संवाद किया। ग्राम पंचायत आनी में सीईटो डॉ. चतुर्वेदी ने हितग्राहियों श्रीमती



हितग्राहियों से चर्चा करते सीईओ।

सुखनी बाई पति शिवरतन, रामचंद्र, बिजेन्द्र, रीना पति लाल और पवनसाय दरोगा के निमार्णाधीन आवासों का अवलोकन किया तथा तकनीकी टीम से कार्य की गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। आयोजित जनचौपाल में उन्होंने हितग्राहियों से आवश्यक संसाधनों, तकनीकी सहयोग और निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर हितग्राही ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच या तकनीकी सहायक से तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त करें। प्रशासन सभी के पक्के आवास शीघ्र पूर्ण कराने के लिए प्रतिबद्ध है, इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत महोरा में भी आवास कार्यों की समीक्षा की और जनचौपाल लगाकर हितग्राहियों से संवाद किया। तकनीकी टीम को प्रत्येक आवास का साप्ताहिक निरीक्षण कर संसाधनों की उपलब्धता की पुष्टि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही जल्द से जल्द अपने सपनों के आशियाने में रहना प्रारंभ करें, यही प्रशासन की प्राथमिकता है।

## उपार्जन केन्द्रों में 155 टोकन 7197 क्विंटल की खरीदी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के तहत कोरिया जिले में गुरूवार को टोकन आधारित खरीदी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हुई। जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 155 टोकन जारी हुए, जिनमें समिति द्वारा 71 तथा तुंहर टोकन मोबाइल ऐप से 84 टोकन कटे।

जिले के 18 उपार्जन केन्द्रों में 20 नवंबर को विभिन्न किसानों से 7,197.28 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार गिरजापुर 15 टोकन, 894 क्विंटल, चिरमी 1 टोकन, 73.68 क्विंटल, जामपारा 3 टोकन, 178.20 क्विंटल, जामपारा (मुख्य) 8



टोकन, 417.12 क्विंटल, जिल्दा 2 टोकन, 32.40 क्विंटल, झरनापारा 1 टोकन 60 क्विंटल, तरगवां छिंदिया 11 टोकन 481.50 क्विंटल, तरगवां (मुख्य) 14 टोकन 472.60 क्विंटल, धौराटिकरा 2 टोकन 67.20 क्विंटल, पटना 31 टोकन 1,319.20 क्विंटल, पोंडी 16 टोकन 765.58 क्विंटल, बैमा बुड़ेकलुवा 2 टोकन 105.20 क्विंटल, बैमा (मुख्य) 4 टोकन 377.60 क्विंटल, रजौली 3 टोकन 85.40 क्विंटल, सरभोका 17 टोकन 848.40 क्विंटल, सलबा 10 टोकन 284.80 क्विंटल, कटगोड़ी 3 टोकन 100 क्विंटल तथा सोनहत 12 टोकन 634.40 क्विंटल धान खरीदी की गई।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मार्गदर्शन और जिला मिशन समन्वयक श्रीमती दीपिका पटेल, श्रीमती अमृता साहू वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ एवं पुष्पा सिंह, जेंडर विशेषज्ञ के उपस्थिति में विकासखंड बैकुंठपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विशुनपुर में वीरांगना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, वीरांगना अवंती बाई लोधी, रानी दुर्गावती, सावित्रि बाई फूले, बहादुर कलारीन जैसी वीरांगनाओं एवं बाल अधिकार एवं समाजिक भेदभाव विषय पर विशेष परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के द्वारा



बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। परिचर्चा कार्यक्रम के साथ ही उपस्थित सभी को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे-सखी वन स्टाप सेंटर, शक्ति सदन, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, वाल विवाह एवं दहेज प्रथा प्रतिषेध अधिनियम इत्यादि की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

मानवता, सेवा और संवेदना का अद्भुत संगम बुधवार को मनेन्द्रगढ़ में आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में देखने को मिला। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, झारखंड तथा मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ शाखा के संयुक्त प्रयासों से लगाए गए इस शिविर में 35 हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाकर नया जीवन प्रदान किया गया।

यह शिविर केवल चिकित्सा तकनीक का केन्द्र नहीं रहा, बल्कि मानवता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की सशक्त मिसाल भी बना। दूरस्थ ग्रामों और अन्य जिलों से काफी संख्या में हितग्राहियों के पहुंचने ने इस शिविर के प्रति बढ़ते जनविश्वास को स्पष्ट किया। जिन लोगों ने वर्षों से चलने-फिरने की उम्मीद छोड़ दी थी, जब वे कृत्रिम अंग लगने के बाद पुनः खड़े हुए, तो उनके चेहरे पर दिखी मुस्कान ने पूरे



वातावरण को भावनाओं से भर दिया। परिजन अपने अपनों को फिर से सीधी चाल में देखते ही भावुक होकर आयोजकों का धन्यवाद करने लगे। शिविर में केवल कृत्रिम अंग ही नहीं, बल्कि श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कान में लगाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली मशीनें भी निःशुल्क वितरित की गईं। कई लाभार्थियों ने वर्षों बाद पहली बार साफ आवाज सुनकर उत्साह और खुशी से आंसू बहाए। यह दृश्य स्वयंसेवकों और उपस्थित टीम के लिए भी अविस्मरणीय रहा। शिविर के सफल संचालन में अनेक सेवाभावी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें मनीष गोयल, निखिल अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, रोहित गोयल, रोहन फर्मानिया, प्रतीक गोयल, कृष्ण गोयल, दीपक गोयल, राहुल अग्रवाल, राम अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, यश मंगलम अग्रवाल, साकेत मित्तल और संतोष सिंघल का सहयोग रहा। इन सभी ने रजिस्ट्रेशन, व्यवस्था, व्हीलचेयर संचालन, भोजन-पानी, डॉक्टर्स की सहायता और हितग्राहियों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन में समर्पण से योगदान दिया। मारवाड़ी युवा मंच की टीम पूरे समय सेवाभाव से सक्रिय रही।

## लटमा पीएमश्री विद्यालय का डीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम लटमा में स्थित पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 19 नवंबर को किया गया। इस दौरान डीईओ विनोद राय ने विद्यालय परिसर में लगाए गए विभिन्न तरह के फूल पौधों को देखकर अपनी संतुष्टि जाहिर की, इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के कक्षाओं का भी अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने कक्षा दूसरी की छात्रा कुमारी यामिनी राजवाडे को किताब पढ़ने के लिए उठाया तो उक्त छात्रा ने बेधड़क हिन्दी की किताब की कविता धारा प्रवाह गति से पढ़कर अधिकारी को सुना दिया, इतना ही नहीं कुमारी यामिनी से जब डीईओ ने बीच के शब्दों को पढ़ने को कहा तो पढ़कर सुना दी। दूसरी कक्षा के छात्रा के द्वारा धारा प्रवास अपनी किताब को पढ़कर सुनाए



जाने से जिला शिक्षा अधिकारी प्रभावित हुए। वहीं कक्षा तीसरी की एक छात्रा द्वारा पहाड़ा सुनाया गया। दोनों बालिकाओं के दक्षता को परख जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें शाबासी दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक महाबल सिंह, सहायक शिक्षिका श्रीमती ललिता खलखों उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक महाबल सिंह के प्रयासों से विद्यालय परिसर में विभिन्न तरह के पौधे लगाए गए हैं तथा बच्चों के पढ़ाई के प्रति समर्पित होने के कारण बच्चों में शिक्षा का स्तर अच्छी है। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला में स्मार्ट क्लास का भी संचालन किया जाता है। शैक्षणिक वातावरण बेहतर होने के कारण यहां के विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति थी अन्य विद्यालय के अपेक्षा अच्छी है।

### दो शिक्षकों के भरोसे पांच कक्षाएं

शासकीय प्राथमिक शाला को पीएम श्री विद्यालय के रूप में चुने जाने के बाद विद्यालय में व्यवस्था चुस्त दुरूस्त हो हुआ है और यहां शैक्षणिक वातावरण बेहतर हैं, बच्चों की उपस्थिति भी अच्छी है, लेकिन यहां पीएमश्री का दर्जा मिलने के बाद भी विद्यालय में शिक्षकों की कमी है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस विद्यालय में दो ही शिक्षक हैं, जिनके भरोसे कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के कक्षाओं की जिम्मेदारी हैं। हालांकि विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा अपनी ओर से एक शिक्षित युवती को अध्यापन कार्य के लिए रखा है, इससे पढ़ाई बाधित नहीं हो रही है।

## भरतपुर में शुरू हुई नई बस सेवा



मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के भरतपुर ब्लॉक की जनपद पंचायत में ग्रामीण बस सेवा के अंतर्गत नई बस सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जनपद सदस्य सुखलाल मरावी, नगर पंचायत अध्यक्ष कौशल पटेल, उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा, जनपद सीईओ अजय सिंह राठौर, तहसीलदार भरतपुर, परिवहन अधिकारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और जनहितकारी सोच के कारण ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर, सुलभ और आधुनिक परिवहन सुविधाएं पहुंचाने का सपना अब साकार होता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता हमेशा से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा है और ग्रामीण बस सेवा इसका बेहतरीन उदाहरण है। उनकी दूरदर्शिता और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को समझने की क्षमता ने परिवहन व्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## रामतिल के फूल...



बैकुण्ठपुर। इन दिनों जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह रामतिल के पीले फूल खेतों में खिले हैं, जिसे देखने पर ऐसा लगता है मानों धरती पर सुनहरी चादर बिछी हो।

## बैकुंठपुर वॉलीबॉल टीम फाइनल से एक कदम दूर



**चरचा कॉलरी।** चरचा सिर्फ संसाधनों में समृद्ध नहीं, बल्कि प्रतिभा और क्षमता में भी आगे हैं। इसी कड़ी में बैकुंठपुर क्षेत्र की वॉलीबॉल टीम ने हाल ही में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़कर सेमीफाइनल में शानदार जीत हासिल की है।

इस जीत के साथ टीम फाइनल मुकाबले से सिर्फ एक कदम दूर पहुंच गई है। टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखकर दर्शकों और खेलप्रेमियों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान बैकुंठपुर टीम ने बेहतरीन सर्व, स्मैश और डिफेंस का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के तालमेल और रणनीति ने टीम को लगातार जीत की ओर अग्रसर किया। टीम के कोच ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में भी शांत रहकर मैचों पर अपना नियंत्रण बनाए रखा, जिसका परिणाम सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत के रूप में सामने आया। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों और खेल प्रेमियों ने बैकुंठपुर वॉलीबॉल टीम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि चरचा क्षेत्र की युवा प्रतिभाएं आज पूरे जिले का गौरव बन रही हैं।

## विश्व मधुमेह दिवस पर नि:शुल्क डायबिटीज शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर लायंस क्लब प्राइड मनेन्द्रगढ़ द्वारा सेवा भारती आश्रम कन्या छात्रावास में 20 नवंबर को निःशुल्क डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में काफी संख्या में लोगों ने अपनी शुगर जांच कराई और डॉक्टरों से परामर्श लिया। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर जांच करवाने की आदत विकसित करना है। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को मधुमेह के शुरूआती लक्षण, कारण, बचाव, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैंप में निःशुल्क शुगर टेस्ट, बीपी जांच, परामर्श तथा आवश्यक स्वास्थ्य सुझाव प्रदान किए गए।

## कॉलेज में एसआईआर पर जिला स्तरीय भाषण स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया के निर्देशन में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में एसआईआर कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर एवं निर्णायक मंडल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

स्वीप नोडल अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने समारोह में हिस्सा लिया और अपने विचार प्रभावी ढंग



से रखे। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान दीपा चक्रधारी पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना, द्वितीय स्थान ललित कुमार, रामानुज पीएसडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर एवं तृतीय स्थान संयुक्त लल्ली राजवाड़े, नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर व प्राची सोनी पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना रही। प्रतिभागी के रूप में आशा राजवाड़े, विकास खटिक, पुष्पा, आरती, साक्षी कोरी, आशीष यादव, प्रदीप राजवाड़े, ओमप्रकाश, प्रिया सिंह एवं डेविड उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. श्रीमती प्रीति गुप्ता, डॉ. आशुतोष देउस्कर और सुश्री पूनम टोप्पो शामिल रहे। डॉ. प्रीति गुप्ता ने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपने विचार रखे, वहीं डॉ. एके देउस्कर ने मतदाता जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदाता सूची का शुद्धीकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी छात्र फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में

### आप नेता ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** आम आदमी पार्टी द्वारा गुरूवार को मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में गरीबों के तोड़े जा रहे ठेलों और गुमटियों के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विकास पांडेय ने बताया कि अस्थाई रूप से स्ट्रीट वेंडर के रूप में व्यवसाय करने वालों को उचित व्यवस्था व वर्तमान में हो रही कार्रवाई को रोकने के लिए 20 नवंबर को पार्टी के तीन सदस्यों के दल ने कलेक्टर से मुलाकात की है।

## टमाटर फिर लाल, सब्जियों के दामों में भारी उछाल



**सोनहत।** खंड क्षेत्र में सब्जियों के दाम अचानक तेज हो गए हैं। 20 नवंबर के साप्ताहिक बाजार दिवस में सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया, जिससे स्थानीय ग्रहणियों से लेकर होटल व्यवसायियों तक सभी वर्ग प्रभावित हुए। लोगों ने बताया कि बढ़े दामों के कारण मजबूरी में सीमित मात्रा में सब्जियों की खरीदी कर घर लौटना पड़ा। साप्ताहिक बाजार में कीमतें इस प्रकार रहीं। टमाटर 60 रूपए किलो, मटर 200 रूपए किलो, गोभी 60 से 80 रूपए किलो, आलू नया 60 रूपए किलो, आलू पुराना 30 रूपए किलो, मूली 40 रूपए किलो, सेमी, गाजर, मिर्च सहित अन्य मौसमी सब्जियों के दाम भी ऊंचे रहे।

व्यापारियों ने बताया कि मौसम में लगातार बदलाव व फसल प्रभावित होने से सब्जियों की आवक कम हो गई है, जिसके कारण दामों में तेजी बनी हुई है। स्थानीय जानकारों का अनुमान है कि महंगी सब्जियों का असर अभी कुछ दिनों तक और जारी रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन द्वारा 25 दुकानों एवं चौक चौराहों का निरीक्षण

**सूरजपुर।** एस जयवर्धन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल मजदूरी की रोकथाम हेतु आज शहरी क्षेत्र में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड लाईन द्वारा 25 दुकानों एवं चौक चौराहों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने शहर के होटल, किराना स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स, पान दुकान, कपड़ा दुकान, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, माता कर्मा चौक, सुभाष चौक एवं माता कर्मा चौक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोई भी बालक भीख मांगता हुआ नहीं पाया गया। पूर्व में भी दीपावली के समय एवं कार्तिक एकादशी के दिनों में भी बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में अभियान चलाया गया था। जिसमे भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए बालको को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर समझाइश देते हुए बालक को परिवार मे पुनर्स्थापित किया गया था। संचालनालय से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक त्रिमास में 15 दिवसों तक जिले में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा निरंतर अभियान एवं जागरुकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

### यादव समाज के प्रतिनिधियों ने की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मुलाकात

**राजपुर।** यादव समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से दिल्ली स्थित उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के वनवासी क्षेत्रों में निवासरत यादव समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक सशक्तिकरण तथा युवाओं के अवसरों से जुड़े अहम मुद्दों पर मंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार की कार्ययोजना में देश और समाज हित में अहीर रेजिमेंट जैसी मांगों को शामिल करने पर जोर देते हुए मंत्री से इस दिशा में समर्थन देने का विनम्र आग्रह किया। इस अवसर पर रेजांगला कलश यात्रा प्रांतीय सहसंयोजक राजेश कुमार यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा सरगुजा संभाग अध्यक्ष परमानन्द यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, सरगुजा संभाग महामंत्री धनीराम यादव, अम्बिकापुर नगर अध्यक्ष राधेश्याम यादव तथा संभाग उपाध्यक्ष श्यामधारी यादव उपस्थित रहे।

### चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए किया गया भूमि पूजन

**सलका अघिना।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में ग्राम पंचायत साल में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 27 से 30 नवम्बर तक आयोजित होना है। महायज्ञ को लेकर आज भूमि पूजन का कार्यक्रम साल का बाजार ग्राउंड में संपन्न किया गया। गायत्री परिवार से जुड़े परिजन सहित मुख्य अतिथि के रूप में राम सेवक पैकरा, भोला अग्रवाल, शिव शंकर कुशवाहा, सोमनाथ कुशवाहा,अवधेश अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, गिरीश गुप्ता, मोक्ष नारायण गुप्ता, राजेंद्र प्रताप सिंह, बृज बिहारी गुप्ता, आशीष गुप्ता, अनुराग सिंह, सुदामा गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, शिव हरि गुप्ता, निरंजन गुप्ता, दलगर राजवाड़े, संजय गुप्ता, दीपेंद्र गुप्ता, हरि मोहन गुप्ता, स्नेह लता गुप्ता, श्याम गुप्ता, अनिता गुप्ता, अनुपम गुप्ता, जावित्री गुप्ता, गीता गुप्ता, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### रकम दोगुना करने की बात कहकर साढ़े तीन लाख की ठगी, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** तीन महीने में रकम दुगुनी करने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम दतिमा निवासी प्रार्थी मोहम्मद इब्राहिम पिता गुलामुद्दीन द्वारा गांव के ही आरोपी किराना दुकान संचालक अब्दुल रउफ पिता मो. ईदरीस व अन्य 1 व्यक्ति को तीन महीने में राशि दुगुना करने के झांसे में आकर अलग अलग समय में साढ़े तीन लाख रुपए जमा कराया गया था,निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद भी लम्बे समय तक प्रार्थी के जमा रकम को आरोपियों द्वारा वापस नहीं किए गया एवं कई बार टाल मटोल किया जाता रहा,अपने साथ धोखाधड़ी हो जाने का एहसास होने पर प्रार्थी ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी,शिकायत जांच में आरोपियों द्वारा राशि हड़पने के पुष्टि होने पर आज गुरूवार को पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पेज 1 के शेष...

### जनजातीय गौरव दिवस समारोह में...

कार्यक्रम के दौरान जनजातीय संस्कृति, लोक कला एवं शिल्प, आभूषण एवं वस्त्र, पूजा-पाठ, संस्कार, व्यंजन, वाद्ययंत्रों, जड़ी-बूटियों आदि प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से बनाए गए जनजातियों के पारंपरिक अखरा स्थल एवं जनजाति निवासरत ग्रामों के प्रमुख धार्मिक आस्था के केन्द्र देवगुड़ी के मॉडल का अवलोकन कर यहां देवताओं की आराधना की। प्रदर्शनी में जनजातीय समुदाय के लोगों ने पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी, पर्यटन संस्कृति राजेश अग्रवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, उत्तर रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, महापौर अम्बिकापुर श्रीमती मंजुषा भगत उपस्थित रहे।



महामहिम के सरगुजा प्रवास के दौरान लिया गया सामूहिक फोटो।

## रामानुजगंज में अब तक की दूसरी बड़ी कार्रवाई

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, नशीला कफ सिरप के तीन सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- कुछ दिनों पूर्व नशे से दो युवकों की हो चुकी है मौत

नगर में नशे के कारण दो युवकों की हालही ही मौत के बाद आबकारी विभाग ने नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। टीम ने आरोपियों के पास से 140 नग कफ सिरप जब्त किया। नगर में नशे के खिलाफ विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि पलटन घाट क्षेत्र में दो सप्लायर राहुल गुप्ता और सरफराज अंसारी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप की डीलिंग करने वाले हैं। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने तत्काल पलटन घाट मार्ग पर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को धर-दबोचा। उड़न दस्ता की टीम ने राहुल गुप्ता की स्कूटी क्रमांक सीजी 30 जी 7112 से 80 नग तथा सरफराज अंसारी की बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएफ 8374 से 60 नग कफ सिरप बरामद किया। टीम ने दोनों के विरूद्ध



नशीली कफ सिरप के साथ आरोपी व आबकारी अधिकारी।

एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि प्रतिबंधित कफ सिरप उन्हें वार्ड क्रमांक 3 निवासी प्रवीण कश्यप द्वारा सप्लाई किया गया था। इसके बाद आरोपियों ने पैसे के बहाने उसे बुलाया, जहां उड़नदस्ता टीम ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 21(सी) एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपियो को रामानुजगंज न्यायालय में पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह तथा महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही। इस संबंध में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि नशे के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### नशे के कारोबार में लिप्त युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अंबिकापुर।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत रामानुजगंज पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रामानुजगंज पुलिस ने 12 अक्टूबर को रामानुजगंज रिंग रोड निवासी 21 वर्षीय मंटू सोनी आ. प्रमोद सोनी को घेराबंदी कर पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी के पास से अल्प्राजोलम टेबलेट 210 नग, रेक्सोजेसिक इंजेक्शन 7 नग, एविल इंजेक्शन 5 नग बरामद किया था। इसी कड़ी में पुलिस ने जांच के बाद मंटू सोनी को नशीला इंजेक्शन और टेबलेट प्रदान करने वाले सप्लायर झारखंड के गोदरमाना निवासी 25 वर्षीय दिलीप उर्फ भलटू गुप्ता आ. मनोज गुप्ता व रामानुजगंज निवासी 49 वर्षीय रमेश कश्यप आ. महेश कश्यप को भी गिरफ्तार कर भेजा था। इसके साथ ही इस मामले एम तूफानी पासवान फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 6 निवासी 25 वर्षीय तूफानी पासवान आ. प्रसिद्ध पासवान को भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (सी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।









### बढ़ती ठंड के कारण सूरजपुर कलेक्टर ने स्कूल टाइम में किया बदलाव

- अब सुबह 9 बजे से लगेंगी कक्षाएं,दो पाली में संचालित होंगे स्कूल

**बिश्रामपुर।** जिले में लगातार गिरते तापमान ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है,वहीं स्कूली बच्चों की सेहत पर भी ठंड के विपरीत असर की आशंका बढ़ गई है,इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सूरजपुर ने आज जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त,मान्यता प्राप्त एवं सभी बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के लिए स्कूल समय में बड़ा बदलाव करने का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि तेज ठंड, सुबह की धुंध और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया है, ताकि बच्चों को सुबह की कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी स्कूल अब दो पाली में संचालित स्कूलों में सोमवार से शुक्रवार तक प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12.30 बजे तक और दूसरी पाली अपरान्ह 12.45 बजे से 4.15 बजे तक संचालित होगी,साथ ही आदेश में यह भी उल्लेखित है कि एक पाली में संचालित होने वाले स्कूल सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक संचालित होंगे,शनिवार के दिन एक पाली और दो पाली दोनों में संचालित विद्यालयों के शनिवार के समय को भी तापमान के अनुसार समायोजित किया गया है,ताकि सप्ताहांत पर भी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके,कलेक्टर का यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है,कलेक्टर द्वारा स्पष्ट कहा गया है कि ठंड के कारण विद्यार्थियों की सेहत को किसी भी स्थिति में जोखिम में नहीं डाला जा सकता है,कलेक्टर के आदेश जारी होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने नई समय-सारणी के अनुसार अपने संचालन में बदलाव शुरू कर दिया है,वहीं अभिभावकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सुबह की तेज ठंड में बच्चे को स्कूल जाने में दिक्क़तें हो रही थी,प्रशासन का यह निर्णय न केवल राहत देने वाला है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताया गया है।

# अंतरक्षेत्रीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- प्रतियोगिता में एसईसीएल की कुल 16 टीमें ले रही हैं हिस्सा

एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का गुरुवार को ध्वजारोहण कर क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने प्रतियोगिता शुरू कराई।इसके पूर्व खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की वरिष्ठ खिलाड़ी हीरालाल द्वारा शपथ दिलाई गई,फिर टॉस कर उद्घाटन मैच के दोनों टीमों दीपका और रायगढ़ की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता आरंभ कराई,स्वागत उद्बोधन क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एसकेपी शिंदे प्रस्तुत किया,प्रबंधक मानव संसाधन हरेंद्र तिवारी ने बताया कि साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड लिमिटेड कंपनी प्रबंधन द्वारा इस वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता 2025-26 के आयोजन का दायित्व बिश्रामपुर क्षेत्र को दिया गया है।

जिसके परिपालन में बिश्रामपुर के दशहरा मैदान स्थित ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय प्रतियोगिता आज गुरूवार से आरंभ हुई है,प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों भाग ले रही हैं, सभी टीमों को अलग अलग ए,बी,सी,डी के चार पुलों व चार टीमों को बांटा गया है,प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 22 नवंबर शनिवार को दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा,कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि हर्ष का विषय है कि कंपनी प्रबंधन कोयला उत्पादन एवं सामाजिक गतिविधियों के साथ साथ कर्मियों को स्वस्थ रखने उन्हें स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने खेलकूद जैसी प्रतियोगिता का समय समय पर आयोजन कराती रहती है।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की अपील की,उन्होंने उपस्थित सभी टीमों की खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी,मंच का संचालन अमन कश्यप ने किया। आज गुरूवार को खेले गए प्रथम मैच में दीपका क्षेत्र की टीम ने रायगढ़ की टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में दो प्वाइंट से पराजित कर दिया, प्रतियोगिता में बिश्रामपुर, भटगांव, बैकुंठपुर, चिरमिरी, जमुना कोतमा, हसदेव, दीपका, गेवरा, कोरबा, सोहागपुर, जोहीला, कुसमुंडा डीडब्ल्यूएस गेवरा, कंपनी मुख्यालय बिलासपुर सहित कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, इस अवसर पर क्षेत्रीय जेसीसी, वेलफेयर,सेफ्टी सहित ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जानलेवा हमला कर भाग रहा पति गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शराब के नशे धुत पति ने न सिर्फ पत्नी से विवाद किया बल्कि टांगी से जानलेवा हमला कर फरार हो गया। भागने के दौरान ही रास्ते में पति गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चूल्हा कोना निवासी करम साय आ. मंगरा (40 वर्ष) 13 नवम्बर को नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी लिदुर से विवाद करने लगा। विवाद के दौरान ही पति ने पत्नी के पैर में टांगी से जानलेवा हमला कर घर से फरार हो गया। इधर मारपीट से घायल हुए लिदुर को परिजन शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इधर जब पिता घर गया तो देखा करम साय दरवाजा बंद कर अंदर सो रहा था। पिता ने दरवाजा खुलवाने लगा लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिस पर पिता ने किसी तरह दरवाजा खोल अंदर गया तो देखा पुत्र करम साय घायल हालत में बेहोश पड़ा था। परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया और रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तबीयत बिगड़ने से गंभीर गर्भवती महिला की मौत

घर में अचानक तबीयत बिगड़ने से गंभीर हुई आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम चठिरमा निवासी उषा पति कोमल सिंह (25 वर्ष) आठ माह की गर्भवती थी। बीती रात लगभग 10 बजे रात में अचानक तबीयत खराब हो गई। गर्भवती ने अत्यधिक गर्मी लगने की शिकायत की जिस पर पति पंखा से हवा देने के साथ मितानिन को बुलाया। मितानिन ने तत्काल संजीवनी 108 से महिला को लेकर तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# गौ आश्रय धाम का जिला पंचायत जनपद सीईओ ने किया निरीक्षण

**सलका अघिना।** गौ आश्रय धाम अघिना सलका, केवटाली, कोटेया में जिला पंचायत सीईओ बिजेंद्र पाटले एवं जनपद सीईओ विनय कुमार गुप्ता सहित टीम ने गौ आश्रय धाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने आश्रय धाम की व्यवस्था, संसाधनों एवं वर्तमान चुनौतियों का स्थल पर जाकर विस्तृत अवलोकन किया। गौ माता के संरक्षण, चारा–पानी व्यवस्था, सेड निर्माण, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सभी समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सूना। अधिकारियों ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा हर संभव प्रशासनिक सहयोग और सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय धाम समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने आश्रय धाम की कार्यप्रणाली एवं आवश्यकताओं की जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही हाई मास्ट लाइट, हैंडपंप, नए ट्यूबवेल, सोलर प्लांट, तालाब गहरीकरण, बाउंड्री फेंसिंग सहित अन्य मांग की।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411